हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 12 जून 2026

तापमान
अधिकतम 44.5°C
न्यूनतम 25.8°C



रोहतक। घटनास्थल का निरीक्षण करते निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार, एसडीएम आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी।

## डी-पार्क अग्निकांड के बाद शहर के व्यापारी दहशत में

### अब खुद अग्नि सुरक्षा उपायों में जुटे कारोबारी

# कई बाजारों ने अपने खर्च पर खरीदे अग्निशमन यंत्र

- आठ से दस हजार में बाजार में मिल रहे आग बुझाने के यंत्र
- ऑनलाइन माध्यम से भी मुहैया करवा रहीं कंपनियां
- घरों-वाहनों की सुरक्षा के लिए आम लोग भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डी पार्क स्थित जूता शोरूम में हुए भीषण अग्निकांड के बाद शहर के बाजारों में व्यापारियों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। आग की घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत और लाखों रुपये के नुकसान ने व्यापारियों को झकझोर कर रख दिया है। यही कारण है कि अब कई व्यापारी अपनी दुकानों की सुरक्षा के लिए स्वयं के खर्च पर अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) खरीद रहे हैं। वहीं प्रशासन भी जल्द ही शहर के प्रमुख बाजारों का फायर सेफ्टी ऑडिट शुरू करने की तैयारी में जुट गया है। रेलवे रोड, सर्राफा बाजार, किला रोड और अन्य व्यस्त बाजारों के कई दुकानदारों ने हाल के दिनों में अग्निशमन यंत्र खरीदे हैं। व्यापारियों का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में यदि दुकान में अग्निशमन यंत्र मौजूद हो तो आग को फैलने से पहले नियंत्रित किया जा सकता है।




#### सुरक्षा के लिए इंतजार नहीं कर सकते

बाजार में इन दिनों आठ से दस हजार रुपये तक की कीमत में विभिन्न क्षमता वाले अग्निशमन यंत्र उपलब्ध हैं। इसके अलावा कई कंपनियां ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी इनकी आपूर्ति कर रही हैं। व्यापारियों के साथ-साथ आम लोग भी अपने मकानों, वाहनों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्र खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। इसके अलावा लोग अपने मकानों, कार और दुकानों के लिए भी अग्निशमन यंत्र खरीद रहे हैं। सर्राफा बाजार के व्यापारी अमित वर्मा और सुरेंद्र ने बताया कि डी पार्क की घटना ने यह एहसास कराया है कि सुरक्षा के लिए इंतजार नहीं किया जा सकता। इसलिए उन्होंने अपनी दुकान के लिए अग्निशमन यंत्र खरीदा है और कर्मचारियों को इसके उपयोग की जानकारी भी दी है। रेलवे रोड के व्यापारियों का कहना है कि संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में आग लगने की स्थिति अधिक खतरनाक हो सकती है, इसलिए हर दुकान में प्राथमिक सुरक्षा उपकरण होना जरूरी है।

#### जल्द शुरू होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

वहीं प्रशासन शहर के प्रमुख बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराने की तैयारी कर रहा है। जिन प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों की कमी मिलेगी, उन्हें आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए जाएंगे। व्यापारियों को उम्मीद है कि प्रशासनिक पहल और स्वयं की जागरूकता से भविष्य में ऐसे हादसों के जोखिम को कम किया जा सकेगा।



रोहतक। बिजली के तार ठीक करते कर्मचारी।

### मरने वालों के परिवारों के एक सदस्य को मिले सरकार नौकरी



हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने रोहतक के मॉडल टाउन क्षेत्र में हाल ही में हुई भीषण अग्निकांड की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर प्रभावित व्यापारियों के लिए विशेष आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजे की मांग की है। जिन परिवार के चिराग इस अग्नि कांड मे अपनी जान गवां बैठे हैं, उनके परिवार में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था मुख्यमंत्री करें। जिससे उनके परिवार के लोगों का जीवन सुख और शांति के साथ गुजर बसर हो सके। विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने अपने पत्र में कहा है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अनेक व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई दुकानों के पूरी तरह नष्ट हो जाने से व्यापारियों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। वर्षों की मेहनत से खड़ा किया गया व्यापार कुछ ही घंटों में राख में तब्दील हो गया, जिससे प्रभावित परिवार आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि प्रभावित व्यापारियों के नुकसान का शीघ्र सर्वेक्षण करवाकर उन्हें पर्याप्त मुआवजा एवं आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही जिन व्यापारियों की दुकानें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं, उनके पुनर्वास हेतु विशेष राहत पैकेज तथा आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाए ताकि वे पुनः अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।

### मृतकों के परिवार को 50 लाख व घायलों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दे सरकार : बजरंग गर्ग



हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल व्यापार मंडल मुख्य राष्ट्रीय महासचिव बजरंग गर्ग ने व्यापारियों से बातचीत करने के उपरांत शॉर्ट सर्किट होने से लगभग 12 दुकानों में आग लगने से तीन व्यक्तियों की मौत होने व भारी नुकसान होने पर गहरा दुख प्रकट किया। बजरंग गर्ग ने कहा रोहतक में दुकानों में आग लगने से मृतक परिवार को सरकार 50 लाख रुपए व घायलों को 10 लाख रुपए सहायता राशि दे और रोहतक में दुकानों में जो आग लगने से भारी नुकसान हुआ है, उस नुकसान की सरकार पूरी भरपाई करें। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में किसी भी व्यापारी की दुकान व फैक्ट्री में आग लगने से व्यापारियों को पूरा मुआवजा राशि देने का कानून बनाया जाए जबकि रोहतक में दुकानों में आग लगने पर समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ जाती तो जान माल के भारी नुकसान से बचाया जा सकता था मगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट पहुंचने की भी सरकार को जांच करानी चाहिए। इस दुख की घड़ी में देश व प्रदेश का व्यापारी परिवार के साथ खड़ा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि व्यापारी सरकार को करोड़ों-अरबों रुपए टैक्स के रूप में राजस्व देता है और व्यापारी हर परिस्थितियों में सरकार की मदद करता है, ऐसे में सरकार का फर्ज बनता है। हर दुख की घड़ी में सरकार व्यापारी व उद्योगपतियों की मदद करें ताकि व्यापारी पूर्ण अपना व्यापार चालू करके अपने पैरों पर खड़ा हो सकें।

### 12 दुकानों में हुआ है करोड़ों का नुकसान

9 जून को दोपहर करीब दो बजे मॉडल टाउन स्थित एक जूतों की दुकान में अचानक आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में करीब 12 दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जबकि आग की चपेट में आने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसे बुझाने के लिए लगातार कई घंटों तक राहत एवं बचाव अभियान चलाना पड़ा। बुधवार शाम तक लगभग 80 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस दुखद हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान नेहरू कॉलोनी निवासी कपिल, बाबरा मोहल्ला निवासी अमन तथा गुरुनानकपुरा निवासी सौरभ के रूप में हुई है।

### एसोसिएशन ने डीसी को सौंपा मांगों का ज्ञापन

उपायुक्त से मिली मॉडल टाउन ट्रेडर्स एसोसिएशन मॉडल टाउन ट्रेडर्स एसोसिएशन ने उपायुक्त सचिन गुप्ता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान अजय धनखड़ के नेतृत्व में व्यापारी लघुसचिवालय पहुंचे थे। उन्होंने मांग की कि दुकानों का उचित मुआवजा जल्द दिलवाया जाए ताकि वह दोबारा अपना कारोबार शुरू कर सकें। इसके अलावा मार्केट के प्रधान अजय धनखड़ को भी कमेटी में शामिल किया जाए ताकि तालमेल बना रहा और प्रशासन को सभी पहलुओं से अवगत कराया जा सके। व्यापारियों ने इस दौरान नगर निगम के संयुक्त आयुक्त से भी मुलाकात की।

## मजिस्ट्रेट जांच शुरू, मौका मुआयना किया

- नुकसान के आकलन में जुटा प्रशासन, चार अधिकारियों की कमेटी ने शुरू किया सर्वे
- जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता ने एक दिन पहले ही गठित की हैं दो कमेटियां

रोहतक। शहर के मॉडल टाउन में हुए भीषण अग्निकांड के बाद सरकार और जिला प्रशासन ने राहत एवं नुकसान के आकलन की प्रक्रिया तेज कर दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उपायुक्त (डीसी) द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति ने घटनास्थल का विस्तृत निरीक्षण शुरू कर दिया है। समिति जली हुई दुकानों, नष्ट हुए सामान और प्रभावित व्यापारियों के नुकसान का मूल्यांकन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई और संभावित सहायता पर निर्णय लिया जाएगा। घटना के बाद जिला प्रशासन ने नुकसान का सटीक आकलन करने के लिए अधिकारियों की एक विशेष समिति का गठन किया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आग से प्रभावित दुकानों के अंदर और बाहर की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उन स्थानों को भी देखा जहां आग बुझाने के लिए विशेष उपाय किए गए थे। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि फायर ब्रिगेड को दुकानों तक पहुंचने और आग पर नियंत्रण पाने के लिए पड़ोसी भवन की दीवार तक तोड़नी पड़ी थी। दीवार में रास्ता बनाकर अंदर पानी डाला गया और रेस्क्यू टीम को भी दुकानों के भीतर प्रवेश कराया गया था।

#### रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

समिति ने इन सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नुकसान के वास्तविक आकलन के लिए प्रशासन की ओर से सभी प्रभावित दुकानों की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। जले हुए सामान, क्षतिग्रस्त ढांचे और दुकान के भीतर की स्थिति को कैमरे में रिकॉर्ड किया गया ताकि नुकसान का सटीक दस्तावेज तैयार किया जा सके। इस दौरान दुकानदारों को भी निरीक्षण प्रक्रिया में शामिल किया गया। अधिकारियों ने उनसे जानकारी ली कि दुकानों में आग लगने के समय कितना माल रखा हुआ था और अनुमानित आर्थिक नुकसान कितना हुआ है। समिति ने प्रभावित दुकानदारों से लिखित शिकायतें भी प्राप्त की हैं। इन शिकायतों में व्यापारियों ने अपने नुकसान का विस्तृत विवरण दिया है। इसके अलावा दुकानदारों ने मॉडल टाउन चौकी में भी लिखित आवेदन देकर आग से हुए नुकसान और अन्य संबंधित तथ्यों की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराई है।

#### आसपास मकानों की छतों से किया प्रभावित क्षेत्र का अवलोकन

निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने आसपास के एक मकान की छत पर लगी पानी की टंकी पर चढ़कर पूरे प्रभावित क्षेत्र का अवलोकन किया। ऊंचाई से देखने पर दुकानों की छतों और ऊपरी हिस्सों में भी भारी नुकसान दिखाई दिया। कई स्थानों पर जला हुआ सामान अब भी मौजूद था, जबकि आग की वजह से इमारतों की दीवारें कमजोर हो चुकी थीं। अधिकारियों ने भवनों की सुरक्षा स्थिति का भी आकलन किया। टीम में निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार, एसडीएम आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।



रोहतक। डीसी को ज्ञापन देते दुकानदार व मॉडल टाउन ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

अमन के शरीर की हड्डियां टूटीं, सिर का हिस्सा भी गायब
प्रियजनों की आखिरी निशानियां देख भावुक हुए परिजन 12

### मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने की छापेमारी

## प्रदूषण विभाग के बंद करने के बावजूद चलाए जा रहे थे दो आरएमसी प्लांट, फिर किए सील

- तीसरी रेड में बिना एनओसी संचालित प्लांट पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और गुप्तचर इकाई की संयुक्त टीम ने गुरुवार को बोहर-लाढौत रोड स्थित आरएमसी प्लांटों पर औचक छापेमारी कर बड़ा खुलासा किया। टीम ने दो ऐसे प्लांट चालू हालत में पकड़े, जिन्हें प्रदूषण विभाग पहले ही सील कर चुका था। जांच में दोनों स्थानों पर विभागीय सील टूटी हुई मिली। इसके बाद प्लांट को दोबारा सील कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा तीसरी रेड में एक प्लांट बिना एनओसी के चलते हुए पाया गया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने प्रदूषण विभाग के एसडीई रविन्द्र कुमार और उनकी टीम के साथ पहले एस.एस. कंक्रीट के आरएमसी प्लांट का निरीक्षण किया।



#### प्लांट के विरुद्ध रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई के लिए भेजा

मौके पर प्लांट मालिक रविन्द्र सिंह मौजूद मिला। जांच के दौरान प्लांट पूरी तरह संचालित पाया गया तथा प्रदूषण विभाग की पूर्व में लगाई गई सील टूटी हुई मिली। एसडीई रविन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्लांट को 9 दिसंबर 2025 को संचालन की वैध अनुमति नहीं होने के कारण सील किया गया था। इसके साथ ही 2 करोड़ 73 लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित कर मामले की रिपोर्ट मुख्यालय पंचकूला भेजी गई थी। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने एस.एस. कंक्रीट प्लांट को दोबारा सील किया। साथ ही प्लांट के विरुद्ध अलग से विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय पंचकूला, उपायुक्त रोहतक तथा बिजली विभाग को आगामी कार्रवाई के लिए भेजने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद नीलकंठ कंक्रीट प्लांट का निरीक्षण किया गया। यहां भी प्लांट चालू मिला और विभागीय सील टूटी हुई पाई गई। अधिकारियों के अनुसार इस प्लांट को भी वर्ष 2025 में अनुमति के अभाव में सील किया गया था तथा इसके खिलाफ भी 2 करोड़ 73 लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित कर मुख्यालय भेजा गया था। संयुक्त टीम ने इसे भी पुनः सील कर दिया।





#### नोटिस देकर की कार्रवाई

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने गुप्तचर ईकाई रोहतक के साथ संयुक्त टीम बनाकर बोहर-लाढौत रोड पर छापेमारी की। जहां बिना नाम के कंक्रीट आर.एम.सी. प्लांट को अवैध रूप से बिना एनओसी के चलते हुए पाया। निरीक्षण के दौरान मौके पर ठेकेदार प्रदीप कुमार मिला। टीम द्वारा कागजात मांगने पर ठेकेदार प्रदीप कोई कागजात पेश नहीं कर सका। ठेकेदार प्रदीप टीम को बताया कि हमारा गांव भालौठ में रोड बनाने का कार्य चल रहा है तथा वहां पर माल को मिक्स करके रोड बनाया जा रहा है। उन्होंने प्रदूषण विभाग कोई एनओसी नहीं ली है। अब विभाग द्वारा नोटिस जारी कर कार्रवाई की गई।

### कैंपस में हुड़दंगियों का द एंडः जीरो टॉलरेंस लागू

## एमडीयू में बिना आईकार्ड नहीं होगी एंट्री

#### अतीत की घटनाओं से लिया सबक

हट फायरिंग और स्कॉर्पियो कांड के बाद हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) प्रशासन ने कैंपस की सुरक्षा, गरिमा और अनुशासन को बनाए रखने के लिए अब पूरी तरह कमर कस ली है। हालिया हिंसक घटनाओं और बाहरी तत्वों के बढ़ते हस्तक्षेप को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस नीति लागू कर दी है। इसके तहत परिसर में बाहरी व्यक्तियों की अनधिकृत एंट्री, हुड़दंगबाजी और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर पूरी सख्ती बरती जाएगी। अब बिना वैध पहचान पत्र और अधिकृत दस्तावेज के किसी भी बाहरी व्यक्ति या वाहन को कैंपस में प्रवेश नहीं मिलेगा।

एमडीयू के सुरक्षा नियंत्रक तरुण शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा नियमित जांच और एंट्री चेकिंग की जा रही है। विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कर्मचारियों को अपने वैध पहचान पत्र साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि परिसर का शैक्षणिक और शांतिपूर्ण माहौल प्रभावित न हो। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि कैंपस में किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी, अभद्रता या असामाजिक गतिविधि को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ तुरंत पुलिस में मामला दर्ज कराया जाएगा।

- दिसंबर 2025 : कैंपस में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो में सवार बदमाशों ने छात्रों को कुचलने का प्रयास किया था।
- जनवरी 2025 खेड़ी साध के एक छात्र पर पुरानी रंजिश के चलते एमडीयू हट के पास सरेआम फायरिंग की गई थी।
- मई 2025 में विव परिसर में एक गुट के 10-12 छात्रों ने दूसरे गुट के युवक पर हमला सिर पर पिस्तौल के बट से वार किया था।

#### उल्लंघन पर तुरंत करवाई जाएगी एफआईआर

इसी कड़ी में हाल के दिनों में तीन बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। साथ ही, उनके द्वारा इस्तेमाल की गई गाड़ी (**HR** 13X5340) के विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश पर सुरक्षा कार्यालय ने तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। मदवि प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय सुरक्षा के दृष्टिकोण से सख्त रवैया जारी रखेगा। परिसर को सुरक्षित, अनुशासित और शिक्षण-अनुकूल बनाए रखना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कैंपस में अक्सर काली शीशे वाली गाड़ियां घूमती देखी जाती थीं, जो सुरक्षा के लिहाज से बड़ा खतरा थीं। प्रशासन ने अब ऐसी गाड़ियों और संदिग्ध वाहनों की एंट्री पर पूरी तरह रोक लगा दी है। प्रशासन ने साफ किया है कि कैंपस में हुड़दंगबाजी या अभद्रता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## 12 मार्च की मीटिंग में हाथापाई और फिर सदन से बाहर आकर जिला परिषद सदस्यों के बीच चले थे डंडे

# तीन माह बाद आज फिर जिला परिषद की बैठक, फंड विवाद को लेकर हंगामे की आशंका

■ विवाद के बाद पार्षद धीरज मलिक को एक बैठक के लिए किया गया था डिबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला परिषद की शुक्रवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे विकास भवन में होने वाली बैठक पर सभी की नजरें हैं। इसकी वजह केवल विकास कार्यों और वित्तीय मामलों पर होने वाली चर्चा नहीं, बल्कि तीन महीने पहले हुई वह विवादित बैठक भी है, जो हंगामे और मारपीट में बदल गई थी। 12 मार्च को आयोजित जिला परिषद की बैठक में वाइस चेयरमैन अनिल हुड्डा और वार्ड-8 के पार्षद धीरज मलिक के बीच तीखी नोकझोंक के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया था। बैठक के दौरान दोनों के बीच धक्का-मुक्की और गाली-गलौज हुई थी, जबकि बाद में परिषद कार्यालय परिसर में भी विवाद बढ़ गया और लाठी-डंडे चलने की नौबत आ गई थी। विवाद के बाद पार्षद धीरज मलिक को एक बैठक के लिए डिबार भी किया गया था। झगड़े के बाद अब यह पहली बैठक होने जा रही है, इसलिए परिषद सदस्यों और प्रशासन की नजरें इस पर बनी हुई हैं।

### फंड स्थानांतरण प्रस्ताव का होगा विरोध

सूत्रों के अनुसार पिछली बार विवाद की मुख्य वजह एक वार्ड के विकास फंड को दूसरे वार्ड में स्थानांतरित करने का मुद्दा था। संबंधित पार्षद ने कहा था कि उसके हिस्से का फंड वार्ड नंबर 4 में विकास कार्यों पर खर्च किया जाना चाहिए। इसी मुद्दे को लेकर वीरवार को भी संबंधित पार्षद की ओर से जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र भेजा गया है, जिसमें पुरानी मांग दोहराई गई है। बताया जा रहा है कि पत्र लिखना वाला पार्षद मीटिंग में मौजूद नहीं रहेगा। उन्होंने बताया है कि 12 जून को उसके बेटे का ऑपरेशन होना है। एक अन्य पार्षद ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यदि किसी सदस्य के हिस्से का फंड दूसरे वार्ड में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव आता है तो उसका विरोध किया जाएगा। ऐसे में बैठक के दौरान फिर से बहस और टकराव की स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है।



जिला परिषद अध्यक्ष मंजू हुड्डा

### ये हैं बैठक के प्रमुख एजेंडे

बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष मंजू हुड्डा करेंगी। एजेंडे के अनुसार सबसे पहले पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की जाएगी। इसके बाद वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक विकास कार्यों पर हुए खर्च और उपलब्ध राशि का मदवार ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। एसएफसी, एफएफसी और स्टांप ड्यूटी मद से प्राप्त धनराशि की जानकारी भी सदस्यों के समक्ष रखी जाएगी। इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में विभागीय प्रक्रिया और ई-टेंडरिंग के माध्यम से कराए गए विकास कार्यों का वार्डवार विवरण, लंबित कार्यों की स्थिति और उनके कारणों पर चर्चा होगी। बैठक में वर्ष 2025-26 की जिला परिषद विकास योजना के तहत प्रस्तावित कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति देने के साथ-साथ वर्ष 2026-27 की विकास योजना के लिए नए कार्यों के प्रस्ताव भी मांगे जाएंगे। हालांकि एजेंडा विकास कार्यों और वित्तीय मामलों से जुड़ा है, लेकिन फंड वितरण को लेकर चल रहा विवाद बैठक की दिशा तय कर सकता है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि तीन महीने पहले के हंगामे के बाद होने वाली यह बैठक शांतिपूर्वक संपन्न होती है या फिर पुराने विवाद एक बार फिर परिषद की कार्यवाही पर भारी पड़ते हैं।

### प्रशासन मुस्तैद

किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है। बैठक को देखते हुए परिषद भवन तथा आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। संभावित तनाव और पिछले अनुभवों को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जा सकती है। बैठक स्थल पर प्रवेश व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था प्रभावित न होने पाए और तुरंत प्रभाव से स्थिति को नियंत्रित किया जाए। बैठक के दौरान भी पुलिस कर्मियों की मौजूदगी सुनिश्चित रहेगी ताकि किसी प्रकार की झड़प या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का उद्देश्य बैठक को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराना है।

## खबर संक्षेप

### महिला ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, केस दर्ज

**रोहतक।** सदर थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव की एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके ससुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि ससुर ने महिला के साथ मारपीट की, रास्ता रोककर अभद्र व्यवहार किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उसका ससुर उसके साथ अक्सर दुर्व्यवहार करता है। महिला का आरोप है कि आरोपी रास्ता रोककर उससे अशोभनीय बातें करता था और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट करता और धमकियां देता था।

### भैणी सुरजन में करंट लगने से भैंस की मौत

**महम।** महम उपमंडल के भैणी सुरजन गांव में करंट लगने से एक किसान की भैंस की मौत हो गई। किसान को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। किसान रघबीर सिंह ने बताया कि गांव में जगमग योजना के तहत पोल लगाने का कार्य चल रहा है। उसके घर के सामने से बिजली की हाईपावर लाइन जा रही है। जगमग योजना के तहत बिजली विभाग ने एक पोल बिल्कुल हाईपावर लाइन के पास खड़ा कर दिया। मंगलवार शाम को आई बारिश के कारण पोल में करंट आ गया। जैसे ही बुधवार सुबह उन्होंने भैंस को बाहर बांधने के लिए खोला तो भैंस का पैर पोल के साथ पड़े बारिश के पानी में रखा गया तभी करंट लगा और भैंस को दूर फैंक दिया। इस दौरान भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### वेल्डिंग की दुकान में चोरी हजारों का सामान गायब

**रोहतक।** शहर थाना क्षेत्र में वेल्डिंग की दुकान से गैस सिलेंडर, बैटरियां और अन्य उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में कृष्णा कॉलोनी निवासी सुरेश ने बताया कि उनकी आस्था स्कूल फर्नीचर हब के नाम से जींद रोड पर वेल्डिंग की दुकान है। 9 जून को दो अज्ञात युवक उनकी दुकान सामान चोरी कर ले गए। इनमें रसोई गैस सिलेंडर, दो बैटरियां, लकड़ी काटने की मशीन, ड्रिल मशीन, हैंड ग्राइंडर व 300 मीटर कॉपर की तार शामिल है।

## बीएस-6 और इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा बढ़ावा

# दिल्ली-एनसीआर में पुरानी बसों व ट्रकों को बदलने पर मिलेगी छूट

■ वाहन निर्माता एक्स-शोरूम मूल्य पर 8 प्रतिशत तक की छूट देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने और स्वच्छ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने पुरानी बसों और ट्रकों के प्रतिस्थापन के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत इस योजना के तहत बीएस-4 अथवा उससे नीचे के मानकों वाले पुराने प्रदूषणकारी ट्रकों और बसों को बीएस-6 या उससे उच्च मानकों वाले वाहनों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने के लिए वाहन मालिकों को विभिन्न प्रकार के वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाएंगे।



**रोहतक।** वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद उपायुक्त सचिन गुप्ता व क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल। *फोटो : हरिभूमि*

### एनसीआर में वायु प्रदुषण पर होगा नियंत्रण

वी उमाशंकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजना की जानकारी दे रहे थे। बैठक में विभिन्न राज्यों के यातायात आयुक्तों, उपायुक्तों और संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। रोहतक से उपायुक्त सचिन गुप्ता तथा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण करना और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देना है। इसके लिए पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर आधुनिक और कम उत्सर्जन वाले वाहनों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### राज्य सरकार की ओर से मोटर वाहन कर में दी जाएगी 100 प्रतिशत तक छूट

### बीएस मानक और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्राधिकार की डिजिटल जांच की जाएगी

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए पात्र वाहन मालिकों को निर्धारित पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पोर्टल के माध्यम से वाहन के पंजीकरण, स्वामित्व, बीएस मानक और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्राधिकार की डिजिटल जांच की जाएगी। पात्रता सत्यापित होने के बाद वाहन मालिक अपने पुराने वाहन को पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र पर स्क्रैप करवा सकेंगे या बीएस-4 वाहनों को दिल्ली-एनसीआर के बाहर किसी गैर-एनसीएपी शहर में बेच सकेंगे। उन्होंने बताया कि नए वाहन की खरीद पर भाग लेने वाले वाहन निर्माता एक्स-शोरूम मूल्य पर 8 प्रतिशत तक की छूट देंगे। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत तक छूट तथा पंजीकरण शुल्क में पूर्ण माफी का लाभ भी मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि ट्रक एसोसिएशनों, शिक्षण संस्थानों और वाहन मालिकों को योजना की जानकारी देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इसका लाभ उठा सकें।

### 15 तक मिलेगी मई की चीनी व सरसों का तेल

**रोहतक।** खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने मई माह के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले चीनी और सरसों तेल के वितरण की अवधि बढ़ाकर 15 जून 2026 तक कर दी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिले के सभी पात्र लाभार्थियों से निर्धारित अवधि के भीतर अपने हिस्से का राशन प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिन बीपीएल तथा गुलाबी राशन कार्डधारकों को मई माह का चीनी और सरसों तेल अभी तक नहीं मिला है, वे अपने क्षेत्र के संबंधित राशन डिपो से 15 जून तक यह सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार तक खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है तथा किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। डीसी गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा बीपीएल और गुलाबी राशन कार्डधारकों के अलावा अन्य राज्यों से जुड़े पात्र लाभार्थी परिवारों को भी उनकी पात्रता के अनुसार गेहूं का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

## एपीके फाइल के जरिए 17 लाख रुपये की साइबर ठगी, कंपनी मालिक बनकर दिए भुगतान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बसंत विहार निवासी दिनेश बेनीवाल के साथ 17 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस को दी गई शिकायत में दिनेश बेनीवाल ने बताया कि उनकी श्रीविष्णु प्रिया फाइनेंस लीजिंग लिमिटेड नामक फर्म है। फर्म में प्रिंस अरोड़ा क्रेडिट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

शिकायत के अनुसार, 8 जून को प्रिंस अरोड़ा के मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप के माध्यम से एक संदिग्ध एपीके फाइल भेजी गई। फाइल खोलने के बाद उनके व्हाट्सएप बिजनेस अकाउंट पर संदेश आने शुरू हो गए। संदेश भेजने वाले व्यक्ति ने कंपनी के मालिक सजन की प्रोफाइल फोटो लगाई हुई थी, जिससे उसे वास्तविक मालिक समझ लिया गया। आरोपी ने पहले कंपनी के बैंक खाते में उपलब्ध राशि की जानकारी हासिल की और बाद में आईसीआईसीआई बैंक खाते से 17 लाख रुपये ट्रांसफर करने के निर्देश दिए।

## समाधान शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से वीरवार को जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों की सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सहायक आयुक्त (प्रशिक्षु) विशाल सिंह, नगराधीश शुभम तथा पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित विभागीय प्रतिनिधियों को शिकायतों



के शीघ्र और प्रभावी निपटारे के निर्देश दिए। कई मामलों में संबंधित अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए समाधान की प्रक्रिया शुरू की। शिविर के दौरान राजस्व, नगर निकाय, पुलिस, बिजली, पेयजल, सामाजिक न्याय तथा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं नागरिकों द्वारा रखी गईं।

## दूनियाभर में बढ़ती महंगाई के पीछे अमेरिकी नीतियों की भूमिका : सतबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमेटी ने 15 जून से 25 जून तक जिलेभर में रोष पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम बेतहाशा महंगाई, बढ़ते आर्थिक संकट और जनसमस्याओं के खिलाफ विरोध स्वरूप आयोजित किया जाएगा। शीला बाईपास स्थित स्मारक में हुई बैठक में हाल ही में रोहतक के डी पार्क क्षेत्र की दुकानों में लगी भीषण आग में तीन नागरिकों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। बैठक में मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए



प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में बोलते हुए सीपीएम जिला सचिव सतबीर सिंह ने कहा कि दुनिया भर में बढ़ती महंगाई के पीछे अमेरिकी नीतियां और वैश्विक पूंजीवाद की भूमिका है।

## न्यूज डायरी



### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को योगासन व प्राणायाम पर किया जागरूक

**लाखनमाजरा।** हरियाणा योग आयोग एवं उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुष योग सहायक संजय सिंह ने प्रशिक्षक के रूप में छात्राओं को निर्धारित योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी तथा नियमित योगाभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा) सचिन दलाल उपस्थित रहे तथा उन्होंने छात्राओं को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं संचालन शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### जेएलएन नहर में डूबी महिला की हुई पहचान मानसिक रूप से परेशान थी सरला वर्मा

**रोहतक।** दिल्ली बाईपास स्थित जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) नहर में बुधवार को डूबने वाली महिला की पहचान हो गई है। मृतका की पहचान बहादुरगढ़ निवासी सरला वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार महिला के पति का नाम अतर सिंह वर्मा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सरला वर्मा पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थीं। बुधवार को दिल्ली बाईपास स्थित नहर पुल के पास लोगों ने एक महिला को नहर के तेज बहाव में संघर्ष करते हुए देखा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला खुद को बचाने के लिए लगातार हाथ-पैर मार रही थी। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने के लिए रस्सी भी फेंकी और अन्य लोगों को सहायता के लिए बुलाया, लेकिन तेज बहाव के कारण सभी प्रयास विफल रहे और महिला पानी में बह गई। सूचना मिलने पर आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तलाश अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद महिला का शव नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आसपास के थानों में फोटो भेजकर और गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान कर पहचान का प्रयास किया। बाद में मृतका की पहचान बहादुरगढ़ निवासी सरला वर्मा के रूप में हुई।

### दहेज प्रताड़ना और मारपीट के आरोप में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रोहतक।** शहर थाना पुलिस ने गढ़ी मोहल्ला निवासी छवि पुत्री अतरचंद खन्ना की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में छवि ने आरोप लगाया कि उसके पति अमित पहाड़ियां पुत्र चुन्नीलाल, निवासी पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली, द्वारा लगातार दहेज की मांग की जाती थी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई तथा मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने अपनी शिकायत में पति पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की और प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### आबकारी अधिनियम के मामले में लखनऊ निवासी फरार आरोपी पर नया मुकदमा दर्ज

**रोहतक।** शहर थाना पुलिस ने अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए आरोपी के खिलाफ नया मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, गांव संडीला, जिला लखनऊ निवासी मोनू यादव पुत्र श्याम मनोहर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 में शहर थाना में आबकारी अधिनियम के तहत केस नंबर 740 दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी को अदालत में पेश होना था, लेकिन वह निर्धारित तिथियों पर लगातार अनुपस्थित रहा। आरोपी के अदालत में पेश नहीं होने पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने अदालत के आदेशों की अनुपालना करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और उसे जल्द गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।



### रोटरी क्लब ने 25 जरूरतमंद बालिकाओं एवं महिलाओं को बांटी निःशुल्क साइकिल

**रोहतक।** रोटरी क्लब रोहतक द्वारा स्कॉलर रोजरी स्कूल में वीरवार को निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दूर-दराज क्षेत्रों से स्कूल आने वाली जरूरतमंद बालिकाओं तथा रोजगार के लिए आने-जाने वाली महिलाओं को आवागमन में सहायता प्रदान करना रहा। यह सेवा कार्य रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3011 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रवि गुगनानी के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष डॉ. एसएल वर्मा ने की। इस अवसर पर कुल 25 जरूरतमंद बालिकाओं एवं महिलाओं को साइकिलें वितरित की गईं। अध्यक्ष डॉ. एसएल वर्मा ने कहा कि रोटरी का मूल ध्येय 'सेवा ही सर्वोपरि' है। उन्होंने कहा कि कई बालिकाएं दूरी के कारण शिक्षा से वंचित रह जाती हैं, जबकि कई महिलाएं रोजगार स्थल तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करती हैं।

**पहल** बरसात के मौसम से पहले नालों व जल निकासी व्यवस्था को किया जाए दुरुस्त

# जाम और अतिक्रमण पर प्रशासन का प्रहार सांपला में दूसरे दिन भी अभियान रहा जारी

### एसडीएम ने परखी सफाई व्यवस्था, बाजार में रेहड़ी संचालकों और दुकानदारों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशासन और नगर पालिका की ओर से शुरू किया गया अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। एसडीएम अंकिता पवार ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, जबकि नगर पालिका अधिकारियों और पार्षदों ने मुख्य बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारकों को चेतावनी दी। प्रशासन की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में पूरे दिन हलचल बनी रही।

एसडीएम अंकिता पवार ने शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम को देखते हुए नालों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए।



दूसरी ओर नगर पालिका अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाया। बाजार में रेहड़ी संचालकों को बताया गया कि नगर पालिका द्वारा नई सब्जी मंडी में उनके लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में मुख्य बाजार में रेहड़ियां लगाकर यातायात बाधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्हें जल्द निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित होने की चेतावनी दी गई।

### नालों पर सामान रखने से परहेज करने के निर्देश

अभियान के दौरान दुकानदारों को भी सड़क और सरकारी नालों पर सामान रखने से परहेज करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों और नालों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि चेतावनी के बावजूद नियमों की अनदेखी की गई तो सामान जब्त करने सहित नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### स्थानीय लोगों ने किया पहल का स्वागत

पालिका प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्य बाजार में लंबे समय से अतिक्रमण और जाम की समस्या बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों और व्यापारियों को परेशानी उठानी पड़ती है। नगर पालिका का प्रयास है कि बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित बनाया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू किया जाए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और नगर पालिका की इस पहल का स्वागत किया है। नागरिकों का कहना है कि यदि सफाई और अतिक्रमण हटाने का अभियान इसी प्रकार लगातार जारी रहा तो शहर की तस्वीर बदल सकती है। लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन की सख्ती से बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या कम होगी और शहर अधिक स्वच्छ एवं व्यवस्थित दिखाई देगा।

### सांपला में सफाई के लिए हटवाए अवैध कब्जे

**सांपला।** नगर पालिका ने कस्बे में अतिक्रमण व नालों की सफाई को लेकर विशेष अभियान चला दिया है। गुरुवार को सचिव पंकज कुमार टीम के साथ दिन भर बाजार में रहे। बाजार, खरखोदा मार्ग झज्जर मार्ग पर बने गंदे पानी निकासी नालों पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। जिसकी वजह से नालों की भी सफाई नहीं हो पा रही। मानसून सीजन शुरू होने से पहले नालों की सफाई करना जरूरी है। पालिका द्वारा कब्जों को अब तोड़ कर सफाई कराई जा रही है। सचिव पंकज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून के सीजन में नाले जाम और सड़कों पर पानी खड़ा होने की स्थिति में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दमखम दिखाएगा अनुज



**रोहतक।** थाईलैंड में आयोजित होने वाली अंडर-15 व अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिभावान पहलवान अनुज का चयन भारतीय टीम में हुआ है। अनुज आगामी प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देश के लिए पदक जीतने के इरादे से अखाड़े में उतरेंगे। यह प्रतियोगिता 27 जून से शुरू होकर 5 जुलाई तक चलेगी। अनुज इस चैंपियनशिप में 67 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की तरफ से चुनौती पेश करेंगे। अनुज रोहतक के मेहर सिंह अखाड़ा में कोच रणबीर ढाका के नियमित रूप से अपनी बारीकियों और दांव-पेंच की प्रैक्टिस करते हैं। उनके इस चयन से अखाड़े और पूरे खेल जगत में खुशी का माहौल है। अनुज ने बताया कि उसने 2018 में कुश्ती खेलना शुरू किया था। पिता कुलदीप किसान, मां मुनि गृहिणी व तीन भाई-बहन है। मूलरूप से हिसार जिले का निवासी हूं। अखाड़ा संचालक मोहित मलिक, कोच रवि अहलावत, कोच सोनू, कोच रिंकू, कोच हरदीप, रिटायर कैप्टन धर्मवीर हुड्डा व कोच जयवीर ने अनुज को बधाई दी। पहलवान अनुज का घरेलू स्तर पर बेहद शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। वह इससे पहले लगातार तीन बार नेशनल चैंपियन रह चुके हैं।

# आईटीआई : कोपा ट्रेड में ज्यादा रोजगार, अग्निवीर भर्ती में भी बोनस

## छात्रों को अप्रेंटिसशिप पर 9,600 स्टाइफंड, कार्य अनुभव होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

स्टूडेंट गाइड

तकनीकी शिक्षा आज के समय में युवाओं के लिए रोजगार का सबसे भरोसेमंद माध्यम बनकर उभरी है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए निजी, सरकारी और रक्षा क्षेत्र में करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विशेष रूप से कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (कोपा) ट्रेड की मांग लगातार बढ़ रही है, क्योंकि डिजिटल तकनीक के विस्तार के साथ हर क्षेत्र में कंप्यूटर दक्ष युवाओं की जरूरत महसूस की जा रही है। कोपा ट्रेड के विद्यार्थियों को अन्य ट्रेडों की तुलना में रोजगार के अधिक और शीघ्र अवसर प्राप्त होते हैं। वहीं, इलेक्ट्रिशियन ट्रेड भी स्वरोजगार और नौकरी के लिहाज से काफी संभावनाएं प्रदान करता है। आईटीआई के बाद अप्रेंटिसशिप करने वाले छात्रों को मासिक स्टाइफंड के साथ कार्य अनुभव का लाभ भी मिलता है। इसके अलावा अग्निवीर भर्ती में बोनस अंक और 12वीं के समकक्ष योग्यता जैसी सुविधाएं भी युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।



एआई जेनरेटेड

**एक पेपर देकर 12वीं के समकक्ष हो जाएगी योग्यता**

### लगातार बढ़ रही मांग



रोहतक आईटीआई के प्राचार्य राजपाल सिंधु के अनुसार, वर्तमान में डिजिटल क्रांति के इस दौर में कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक(कोपा) ट्रेड की मांग सबसे ज्यादा है। इस ट्रेड में कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग से जुड़ी बारीकियां सिखाई जाती हैं। आज हर छोटे-बड़े ऑफिस, बैंक, स्कूल और कॉर्पोरेट सेक्टर में कंप्यूटर प्रोफेशनल्स की जरूरत है। यही वजह है कि कोपा ट्रेड करने वाले छात्रों को नौकरी के सबसे ज्यादा और सबसे जल्दी अवसर मिलते हैं। कोपा ट्रेड के बाद इलेक्ट्रिशियन में सबसे ज्यदा करियर के अवसर मिलते हैं।

### यह मिलेगा फायदा

अगर कोई छात्र 10वीं के बाद दो साल का आईटीआई का कोर्स करने के बाद, यदि छात्र हिंदी या अंग्रेजी में से किसी भी एक विषय का पेपर पास कर लेता है, तो उसे 12वीं कक्षा के समकक्ष (पास) मान लिया जाता है। प्राचार्य ने जानकारी दी कि सेना की अग्निवीर भर्ती में आईटीआई पास युवाओं को विशेष प्राथमिकता और बोनस प्वाइंट दिए जाते हैं। यदि छात्र ने 12वीं के बाद 1 साल का आईटीआई कोर्स किया है, तो उसे अग्निवीर भर्ती में 30 बोनस अंक मिलते हैं। यदि छात्र ने 2 साल का आईटीआई कोर्स पूरा किया है, तो उसे भर्ती में 40 बोनस अंक का भारी फायदा मिलता है।

### यहा मिलते हैं मौके

▸▸ इलेक्ट्रिकल सर्विस शॉप : दुकान खोलकर घरों, ऑफिसों और दुकानों में वायरिंग, फॉल्ट रिपेयरिंग और नए कनेक्शन देने का काम कर सकते हैं।

▸▸ अप्लायंस रिपेयरिंग सेंटर : फ्रीज, वाशिंग मशीन, गीजर, इनवर्टर, मिक्सर, और एसी जैसे बिजली के उपकरणों की मरम्मत का बिजनेस बहुत फायदेमन्द साबित होता है।

▸▸ आईटीआई पास करने के बाद छात्रों के लिए प्रैक्टिकल नॉलेज लेना बेहद जरूरी होता है। प्राचार्य ने बताया कि यदि कोई छात्र आईटीआई के बाद अप्रेंटिसशिप करता है, तो उसे सरकार और संबंधित संस्थान की तरफ से 9,600 रुपये का मासिक स्टाइफंड दिया जाएगा।

▸▸ अप्रेंटिसशिप के इस समय को केवल ट्रेनिंग नहीं माना जाएगा, बल्कि यह पूरी अवधि छात्र के वर्क एक्सपीरियंस (कार्य अनुभव) में काउंट होगी।

**लोगों का आरोप:** 100 से अधिक बार फोन किए, लेकिन नहीं हुई सुनवाई

# रातभर अंधेरे में डूबी पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 50 परिवारों ने जागकर काटी रात



रोहतक। जानकारी देते पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोग। फोटो : हरिभूमि

**गर्मी और उमस के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

भीषण गर्मी के बीच पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोगों की बुधवार रात परेशानी में गुजरी। रात करीब 11 बजे बिजली गुल होने के बाद पूरी कॉलोनी अंधेरे में डूब गई। परेशान लोगों ने बिजली निगम के शिकायत केंद्र और अधिकारियों को बार-बार फोन किए, लेकिन सुबह तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इससे कॉलोनी के करीब 50 परिवारों को रातभर जागकर समय बिताना पड़ा। कॉलोनीवासियों का कहना है कि बिजली जाने के बाद उन्होंने तुरंत निगम को शिकायत दी थी। कोई कर्मचारी या लाइनमैन मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का आरोप है कि रातभर में 100 से अधिक बार फोन किए गए, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। गर्मी और उमस के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली नहीं होने के कारण घरों में लगे इनवर्टर भी कुछ घंटों बाद जवाब दे गए। पूरी कॉलोनी अंधेरे में डूब गई। कई घरों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। रातभर लोग घरों से बाहर बैठकर बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन सुबह तक स्थिति जस की तस बनी रही।

### अधिकारियों से लगाई गुहार

*कॉलोनीवासियों ने बिजली निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उनकी समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए। उनका कहना है कि यदि फॉल्ट था तो उसे रात में ही ठीक करने का प्रयास किया जाना चाहिए था। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी इसी तरह लापरवाही बरती गई तो वे निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से भी हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जा सके और लोगों को बार-बार होने वाली ऐसी परेशानियों से राहत मिल सके। गर्मी के इस मौसम में पूरी रात बिजली गुल रहने से लोगों में निगम के प्रति भारी नाराजगी देखी गई।*

# देर रात बारिश व तेज हवा से कई जगह बिजली हुई गुल

## प्री-मानसून गतिविधियों के संकेत

**रोहतक।** शहर में देर रात अचानक तेज हवा और बारिश आने से बिजली गुल हो गई। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि तापमान में गिरावट ने गर्मी से राहत दी। तेज हवाओं के कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को गर्मी और उमस में परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी से पहले दिन में भी एक बार तेज हवा और धूलभरी स्थिति देखने को मिली। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अब जल्द ही हरियाणा में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। विभाग का कहना है कि मानसून से पहले इस प्रकार की तेज हवाएं और अस्थिर मौसम आमतौर पर देखने को मिलता है। मौसम में और बदलाव हो सकते हैं तथा हल्की से मध्यम बारिश की संभावना भी जताई जा रही है।

### यह रहा तापमान

मौसम के इस उतार-चढ़ाव के बीच तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वीरवार को रोहतक का अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक रहा। यह स्थिति लगातार दूसरे दिन भी बनी रही, क्योंकि बुधवार को भी अधिकतम तापमान इसी के आसपास दर्ज किया गया था। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा।

### कई जगह पेड़ों की टहनियां भी टूटीं

तेज हवाओं के कारण शहर के कई हिस्सों में पेड़ों की टहनियां टूटने और हल्की अव्यवस्था की भी सूचना मिली। बिजली विभाग की टीमों को कई इलाकों में आपूर्ति बहाल करने के लिए देर रात तक कार्य करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्री-मानसून की गतिविधियां और तेज हो सकती हैं, जिससे तापमान में हल्की गिरावट और राहत मिलने की संभावना है, हालांकि फिलहाल गर्मी से पूरी तरह राहत मिलना मुश्किल है। आईएमडी के मुताबिक वीरवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के कई हिस्सों में सक्रिय अवस्था में रहा, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत अभी भी इसके पूर्ण आगमन का इंतजार कर रहा है। भारतीय मौसम विभाग के सामान्य पैटर्न के अनुसार इस अवधि में मानसून केरल, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों में फैल चुका होता है तथा पूर्वोत्तर राज्यों में यह पूरी तरह सक्रिय स्थिति में रहता है।

# जहां लगता था कचरे का ढेर, वहीं लगा भंडारा, खत्म हुआ कूड़ा प्वाइंट

## नगर निगम और पार्षद सुशील नांदल की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सिटी पल्स

सेक्टर-2 में वर्षों से कूड़ा डालने के लिए बदनाम रहे एक स्थान की तस्वीर वीरवार को पूरी तरह बदल गई। जिस जगह पर पहले गंदगी और कूड़े के ढेर दिखाई देते थे, वहीं अब साफ-सुथरे वातावरण में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल का नेतृत्व वार्ड पार्षद सुशील नांदल ने किया, जिसकी क्षेत्रवासियों ने जमकर सराहना की।भंडारे से पहले पार्षद सुशील नांदल के नेतृत्व में उक्त स्थान की विशेष सफाई करवाई गई। कूड़े के ढेर को हटाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया, जिससे लंबे समय से चली आ रही गंदगी की समस्या का समाधान हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थान पहले कूड़ा प्वाइंट के रूप में पहचान बना चुका था, लेकिन अब इसे स्वच्छ और उपयोगी स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और स्वच्छता अभियान से जुड़ी इस पहल की प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि यदि इसी प्रकार जनभागीदारी के साथ सफाई और जागरूकता अभियान चलाए जाएं तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का सपना आसानी से साकार हो सकता है।



रोहतक। जहां कूड़े का ढेर लगता था, वहां लगाया गया लंगर। फोटो : हरिभूमि

### हमारा लक्ष्य क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और कूड़ा मुक्त बनाना

स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिस स्थान पर पहले कूड़ा डाला जाता था, उसे साफ कर सामाजिक आयोजन करना लोगों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है। हमारा लक्ष्य क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और कूड़ा मुक्त बनाना है। -सुशील नांदल, पार्षद, वार्ड-12

### नगर निगम ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा

सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसी पहलें न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देती हैं बल्कि लोगों को कूड़ा न फैलाने के लिए भी प्रेरित करती हैं। नगर निगम ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा। -नरेंद्र कुमार, निगम आयुक्त

### पूर्व मंत्री भी रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने पार्षद सुशील नांदल की पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालने और स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

## एमडीयू में 4 वर्षीय बीए-बीएड व बीकॉम-बीएड में एडमिशन शुरू

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के शिक्षा विभाग में सत्र 2026-27 के लिए 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है।बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड कोर्स में एडमिशन के लिए छात्र 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

कुलसचिव प्रो. संदीप ने बताया कि 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम में एडमिशन के लिए पोर्टल ओपन हो चुका है। बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड कोर्स में एडमिशन के लिए छात्र 25 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेरिट सूची एनटीए द्वारा जारी एनसीईटी-2026 स्कोर कार्ड के आधार पर तैयार की जाएगी। प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 27 जून को जारी होगी। आरक्षण श्रेणी या कोटा संबंधी त्रुटियों में सुधार के लिए 29 जून तक मौका दिया जाएगा। जरूरी दस्तावेज अपलोड कर पर सुधार संबंधी अनुरोध भेज सकेंगे। पहली मेरिट सूची 2 जुलाई को जारी होगी, पहली फिजिकल काउंसलिंग 4 जुलाई को होगी। दूसरी, तीसरी और चौथी काउंसलिंग क्रमशः 8 जुलाई, 13 और 17 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कक्षाएं 5 जुलाई 2026 से शुरू होंगी।

**सूचना**

हम, फुलकुमार पुत्र श्री रामकरण व सावित्री पत्नी फुलकुमार निवासी गांव मोखरा खेड़ी रोज तह. महम जिला रोहतक हाल निवासी कलानौर जिला रोहतक बयान करते हैं कि हमारा पुत्र आशीष हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कारोर ब्लॉक सांपला जिला रोहतक में आंगनबाड़ी केंद्र नं. 45 जिसकी अनुमानित कीमत 22460 रूपये और नई चौपाल (शीला भेड़िया पाना) जिसकी अनुमानित कीमत 68000 रूपये रखी गई है। जोकि दिनांक 16.06.2026 को प्रातः 10:00 बजे गांव के शिव मंदिर में होनी है। बाकी की नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच ग्राम पंचायत कारोर
ब्लॉक सांपला (रोहतक)
मो. नं. 9896006627

**सूचना**

मैं, मंदीप हुडा पुत्र श्री अनिल कुमार निवासी गांव धामड़ जिला रोहतक, 124001 (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा आर्म्स लाइसेंस नं.- 23/BML/ARMS Dated 29.01.2018 को बना हुआ है। जोकि दिनांक 06.06.2026 को गुम हो गया है। अब मैं अपना आर्म्स लाइसेंस डुप्लीकेट निकलवाना चाहता हूं। अगर मेरी आर्म्स लाइसेंस की असल प्रति मिल जाती है और उसका मैं कहीं दुरूपयोग करता हूं तो मैं उसका जिम्मेदार होऊंगा।

**सूचना**

मैं, साहिल हुडा पुत्र श्री सतवंत निवासी गांव धामड़ जिला रोहतक, 124001 (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा आर्म्स लाइसेंस नं.- 18/DMU/ARMS/HC-2018 Dated 20.01.2018 को बना हुआ है। जोकि दिनांक 06.06.2026 को गुम हो गया है। अब मैं अपना आर्म्स लाइसेंस डुप्लीकेट निकलवाना चाहता हूं। अगर मेरी आर्म्स लाइसेंस की असल प्रति मिल जाती है और उसका मैं कहीं दुरूपयोग करता हूं तो मैं उसका जिम्मेदार होऊंगा।

## महिला आश्रम की जांच कर किया पौधरोपण

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने वीरवार को महिला आश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रही महिलाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉ. तरन्नुम खान ने महिलाओं के स्वास्थ्य, खानपान, सुरक्षा और अन्य आवश्यकताओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने आश्रम में कार्यरत कर्मचारियों से भी बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पौधारोपण अभियान के तहत डॉ. खान ने महिला आश्रम परिसर में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पौधरोपण स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी।



डॉ. तरन्नुम खान

## एक क्लिक और खाली हो सकता है बैंक खाता साइबर ठग अपना रहे नए-नए हथकंडे: एसपी

**रोहतक।** मोबाइल पर आया एक लिंक, व्हाट्सएप पर आई एक वीडियो कॉल या फिर घर बैठे हजारों रुपये कमाने का लालच साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए हर दिन नए-नए तरीके अपना रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही आपकी जीवनभर की कमाई को खतरे में डाल सकती है। इसी को देखते हुए रोहतक पुलिस ने आमजन को साइबर अपराधों से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने लोगों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि साइबर ठग लगातार अपने तरीके बदल रहे हैं। कभी 5-जी नेटवर्क में सिम अपग्रेड कराने के नाम पर, कभी इनकम टैक्स रिफंड दिलाने के बहाने तो कभी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में आमजन को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रोहतक पुलिस समय-समय पर अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर रही है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को खुद भी सतर्क रहना होगा। किसी भी अनजान व्यक्ति की बातों में आकर बैंक खाते, एटीएम कार्ड, ओटीपी, सीवीवी नंबर या अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

### जागरूकता व सतर्कता जरूरी



साइबर अपराधी लगातार नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। आमजन सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें। ठगी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें। जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

-गौरव राजपुरोहित, एसपी रोहतक

**सुपवा में नाटक 'बियोंड द इमेजिनेशन' के तीन दिवसीय मंचन का समापन**

# 'मनुष्य अपनी वास्तविक पहचान से दूर होता जा रहा'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में गुरुवार को नाटक 'बियोंड द इमेजिनेशन' के तीन दिवसीय मंचन का समापन हो गया। इसमें फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के एक्टिंग डिपार्टमेंट के छात्रों ने इंसान का अपनी वास्तविक पहचान से दूर होने का सजीव मंचन किया।

गुरुवार को शो के दौरान हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने बतौर अतिथि शिरकत की। इस दौरान डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा ने छात्रों की हौंसला अफजाई की। नाटक 'बियोंड द इमेजिनेशन' का मंचन फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के एक्टिंग डिपार्टमेंट के छात्रों ने मिनी ऑडिटोरियम में किया। इसके लगातार तीन दिन तक पांच शो किए गए। यह मराठी के प्रसिद्ध नाटक प्रतिबिंब पर आधारित रहा, जिसे जाने-माने लेखक, साहित्यकार महेश एलकुंचवार ने लिखा है। नाटक में दिखाया गया कि मनुष्य अपने ही प्रतिबिंब, यानी अपनी वास्तविक पहचान से दूर होता जा रहा है। आधुनिक जीवन की दौड़, सामाजिक अपेक्षाएं व आत्मकेंद्रितता उसे मानसिक रूप से खोखला बना देती है। नाटक के जरिए अस्तित्वगत चिंता और जीवन के अर्थ की खोज जैसे गहरे प्रश्न उठाए गए।



रोहतक। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### छात्र भारती, प्रिंस व पुष्कर इसके मुख्य पात्र

एक्टिंग के चौथे सेमेस्टर के छात्र भारती, प्रिंस व पुष्कर इसके मुख्य पात्र रहे। इसका निर्देशन एनएसडी से स्नातक सुशील कांत ने किया, जबकि प्रॉडक्शन डिजाइन की जिम्मेदारी बिपिन गोबाले ने संभाली। एनएसडी की ही पूर्व छात्रा पाली फुकॉन ने कॉस्ट्यूम डिजाइन किया। इसका हिंदी अनुवाद वसंत देव ने किया, जबकि साउंड की जिम्मेदारी दीपा वर्मा ने संभाली। नाटक 'बियोंड द इमेजिनेशन' के मंचन के दौरान आम जनता के लिए एंट्री निशुल्क रही। थियेटर, नाटक व कला प्रेमियों ने जीवंत प्रस्तुति के लिए सुपवा के छात्रों की सराहना की। दर्शकों को थियेटर वाला अहसास कराने के लिए एफटीवी स्थित मिनी ऑडिटोरियम के मंच को भव्य सेट का रूप दिया गया। मुंबई से आई एक्सपर्ट की टीम ने सुपवा के छात्र कलाकारों की लगातार जिस तरह से रिहर्सल कराई, उसका परिणाम उनकी अदाकारी में साफ झलकता नजर आया।

## न्यूज डायरी



### राम प्रसाद बिस्मिल जयंती पर योग शिक्षकों का सम्मान, करवाया योगाभ्यास

**रोहतक।** इंदिरा कॉलोनी पार्क में भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के चौथे दिन क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर योग शिक्षक देवी सिंह, धरामदेव मास्टर और दया आर्या को योग साहित्य देकर सम्मानित किया गया। जगबीर आर्य ने योग शिक्षकों को पतंजलि द्वारा भेजी गई शर्ट भी भेंट की। शिविर में 21 जून के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। दया आर्या ने एक्यूप्रेशर की जानकारी दी, जबकि जगबीर आर्य ने जल नेति व सूत्र नेति के लाभ बताए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों ने भाग लिया।



### राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण शिविर में निकाली गई जन-जागरण यात्रा

**रोहतक।** स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम, टिटोली में आयोजित राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण एवं योग शिविर के अंतर्गत बुधवार को जन-जागरण यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने ओम् ध्वज दिखाकर किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविदों ने शिविर में भाग ले रही बेटियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य संस्कारित, शिक्षित और चरित्रवान बेटियों के निर्माण से ही संभव है। कार्यक्रम में बहन पूनम आर्या, सज्जन राठी, अजीतपाल, स्वामी मुक्तिवेश, अजयपाल आर्य, सुषमा आर्या, मुकेश आर्या सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### एमडीयू में तीन विभागों की 424 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, नियंत्रक ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) व अन्य विशेष पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं का आगाज हो चुका है। प्रवेश परीक्षा के पहले दिन विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से आयोजित की गई। वीरवार को अलग-अलग प्रवेश परीक्षा श्रेणियों में कुल 424 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बीएससी मैथमेटिक्स (चार वर्षीय) कोर्स की प्रवेश परीक्षा में कुल 219 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 103 आवेदक अनुपस्थित रहे। बीएससी स्टेटिस्टिक्स (चार वर्षीय) पाठ्यक्रम के लिए 68 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (होटल व टूरिज्म मैनेजमेंट) तके बीएचएमसीटी, बीटीटीएम, एमएचएमसीटी तथा बीबीए (हॉस्पिटैलिटी एंड सर्विसेज मैनेजमेंट) के लिए आयोजित संयुक्त परीक्षा में 137 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे, जबकि 30 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# डी पार्क अग्निकांड

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, तीन के शव इस कदर झुलस गए कि पहचान करना भी बना चुनौती

# अमन के शरीर की हड्डियां टूटीं, सिर का हिस्सा भी गायब

# प्रियजनों की आखिरी निशानियां देख भावुक हुए परिजन


सौरभ


अमन


कपिल

**चिकित्सकों का मानना है कि आग के साथ-साथ मलबे के दबाव ने तीनों लोगों की मौत को दर्दनाक बना दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डी-पार्क अग्निकांड की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक युवक के शरीर की लगभग सभी हड्डियां टूटी हुई मिलीं, जबकि सिर का एक हिस्सा भी गायब था। आग और मलबे के बीच फंसे तीन युवकों के शव इस कदर झुलस गए कि उनकी पहचान करना भी बड़ी चुनौती बन गया। किसी की पहचान कपड़ों से हुई, किसी के हाथ में पहना कड़ा सहारा बना तो किसी की जेब में मिला आधार कार्ड अंतिम पहचान का जरिया बना। बुधवार को सिविल अस्पताल में तीन सदस्यीय चिकित्सकों के बोर्ड ने सौरभ उर्फ रोहित, कपिल और अमन के शवों का पोस्टमार्टम किया, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

### भारी सामान या मलबा गिरा

पोस्टमार्टम के दौरान सबसे चौंकाने वाली स्थिति अमन के शव में सामने आई। चिकित्सकों के अनुसार आशंका है कि आग लगने के दौरान उसके ऊपर कोई भारी सामान या मलबा गिरा था। इसी कारण उसके शरीर की लगभग सभी हड्डियां टूटी हुई मिलीं। उसका एक हाथ पूरी तरह जल चुका था, जबकि सिर का एक हिस्सा गायब मिला। शरीर पर मौजूद ब्रांडेड लोवर और जुराबों के आधार पर उसकी पहचान सुनिश्चित की गई। चिकित्सकों का मानना है कि आग के साथ-साथ मलबे के दबाव ने भी उसकी मौत को और दर्दनाक बना दिया।

### सौरभ की पहचान कपड़ों से हुई

सौरभ उर्फ रोहित का शव भी बुरी तरह झुलसा हुआ मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसका लगभग पूरा शरीर जल चुका था। शरीर पर ऐसा कोई स्पष्ट निशान नहीं बचा था जिससे उसकी पहचान की जा सके। उसके एक पैर में पहना हुआ लोवर ही पहचान का आधार बना। घटनास्थल पर उसका शव औंधे मुंह पड़ा मिला था। माना जा रहा है कि आग लगने के बाद वह बाहर निकलने की कोशिश में गिर गया था और फिर लपटों की चपेट में आ गया।

### कपिल का कड़ा अहम सुराग

कपिल का शव भी 80 प्रतिशत से अधिक झुलसा हुआ था। हालांकि उसके सीने और दाढ़ी के कुछ बाल सुरक्षित बचे हुए थे। पहचान के दौरान उसके हाथ में पहना चांदी का कड़ा सबसे अहम सुराग साबित हुआ। कड़े पर गुरु का मंत्र या धार्मिक वाक्य अंकित था। इसके अलावा शव से चेन और अंगूठी भी बरामद हुई। पैंट की पिछली जेब में रखा आधार कार्ड सुरक्षित मिलने से पहचान की पुष्टि करने में मदद मिली।

### डीएनए, ब्लड सैंपल किए सुरक्षित

तीनों शवों की पहचान और भविष्य की जांच प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों ने डीएनए, ब्लड सैंपल और कपड़ों को सुरक्षित रख लिया है। अधिकारियों के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर इन नमूनों का उपयोग वैज्ञानिक और कानूनी जांच में किया जाएगा। डी-पार्क अग्निकांड की यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट एक बार फिर उस भयावह मंजर की कहानी बयां करती है, जिसने कुछ ही मिनटों में तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों की आंखें नम थीं और हर कोई अपने प्रियजन की पहचान से जुड़ी आखिरी निशानियों को देख भावुक हो उठा।

# 'मौत' की लाइन हटेगी

# इंदिरा कॉलोनी समेत कई बस्तियों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन तारों को शिफ्ट करने की तैयारी

- **बिजली निगम ने तैयार कर चंडीगढ़ भेजा विस्तृत प्रस्ताव**
- **बिजली लाइन के कारण वर्षों से हादसों का बना हुआ है खतरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के जींद बाईपास चौक से होकर गोकर्ण डेरा, इंदिरा कॉलोनी और आसपास की कई रिहायशी बस्तियों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन अब लोगों के सिर पर मंडरा रहे खतरे का कारण नहीं बनेगी। बिजली निगम ने इस लाइन को आबादी वाले क्षेत्र से हटाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसके लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर चंडीगढ़ मुख्यालय भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद लाइन को दूसरी जगह शिफ्ट करने का कार्य शुरू किया जाएगा। वर्षों से इन कॉलोनियों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। बरसात और तेज हवाओं के दौरान लोगों में हमेशा हादसे का डर बना रहता है। सबसे अधिक परेशानी उन मकानों में रहने वाले परिवारों को होती है जिनकी छतों के बेहद करीब से बिजली की लाइन गुजरती है। कई बार लोग निगम अधिकारियों को शिकायत भी दे चुके हैं और लाइन को हटाने की मांग करते रहे हैं।

### कई की जा चुकी जान

इंदिरा कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली की लाइन की चपेट में आने से पिछले कुछ वर्षों में कई लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें छत पर काम करने वाले मजदूर, घरों की मरम्मत कर रहे लोग और अन्य नागरिक शामिल रहे हैं। कई लोग गंभीर रूप से झुलस भी चुके हैं। इन हादसों के बाद स्थानीय निवासियों ने कई बार प्रदर्शन कर लाइन को आबादी क्षेत्र से बाहर ले जाने की मांग उठाई थी। लोगों का कहना है कि कॉलोनियों का विस्तार होने के साथ-साथ मकानों की ऊंचाई भी बढ़ी है। ऐसे में बिजली की तारें घरों और छतों के बेहद नजदीक आ गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है।



रोहतक। रिहायशी क्षेत्रों में घरों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन बिजली के तार। फोटो : हरिभूमि

### तकनीकी सर्वे हो चुका

बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार जींद बाईपास चौक से गोकर्ण डेरा और इंदिरा कॉलोनी की ओर जाने वाली लाइन को शिफ्ट करने के लिए तकनीकी सर्वे पूरा किया जा चुका है। इसके आधार पर प्रस्ताव तैयार कर चंडीगढ़ भेजा गया है। मुख्यालय से मंजूरी और बजट स्वीकृत होते ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि लाइन शिफ्ट होने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी और भविष्य में संभावित हादसों पर भी काफी हद तक रोक लग सकेगी। साथ ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था को भी अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

### लोगों में जगी उम्मीद

लाइन को आबादी वाले क्षेत्र से हटाने के लिए प्रस्ताव चंडीगढ़ मुख्यालय भेजे जाने की जानकारी मिलने के बाद गोकर्ण डेरा, इंदिरा कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों में राहत और उम्मीद का माहौल है। लोगों का कहना है कि वे वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं और कई बार अधिकारियों के समक्ष अपनी चिंता भी जाहिर कर चुके हैं। कॉलोनियों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन के कारण हर समय हादसे का डर बना रहता था, बरसात और तेज हवाओं के दौरान स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि यह योजना जल्द मंजूर होकर लागू हो जाती है तो हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### बजट स्वीकृत होते ही कार्य होगा शुरू

जींद बाईपास चौक से गोकर्ण डेरा, इंदिरा कॉलोनी तथा आसपास के रिहायशी क्षेत्रों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन को शिफ्ट करने के लिए निगम की ओर से प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय चंडीगढ़ भेज दिया है। सर्वे व आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। मुख्यालय से मंजूरी और बजट स्वीकृत होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। **-बिजेंद्र नरवाल**, एएसई, रोहतक



### मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख सहायता



डी-पार्क मार्केट में 9 जून को हुए भीषण अग्निकांड में जान गंवाने वाले तीन लोगों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना जताई और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। जिला प्रशासन को आग से हुए नुकसान का विस्तृत आकलन कर जल्द रिपोर्ट सरकार को भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्परता से कार्य करने को कहा है। हादसे में घायल सभी लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। **- प्रो. असीम घोष**, हरियाणा के राज्यपाल

### जल्द मिलेगी सहायता राशि



इस दुखद घटना से सबक लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद प्रशासन और व्यापारी इस हादसे को भूल जाएंगे, लेकिन दुकानदारों को जागरूक होकर अतिक्रमण रोकना होगा। दुकान के बाहर सामान रखने से सड़कें संकरी हो रही हैं, जिससे व्यापार और सुरक्षा दोनों प्रभावित होते हैं। डी-पार्क की सड़क पहले करीब 70 फीट चौड़ी थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण इसका दायरा लगातार घटा है। ग्रोवर ने मुख्यमंत्री द्वारा मुआवजे की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि नुकसान के आकलन के लिए दो समितियां बनाई गई हैं, जो जल्द रिपोर्ट सौंपेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मृतकों और घायलों के परिजनों को सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। **-मनीष ग्रोवर**, पूर्व मंत्री

### फायर सेफ्टी ऑडिट प्रभावी ढंग से हो



डी-पार्क क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि यह हादसा पूरे शहर के लिए चेतावनी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रशासन द्वारा प्रस्तावित सुरक्षा एवं फायर सेफ्टी ऑडिट केवल औपचारिकता न होकर प्रभावी और परिणामोन्मुख होना चाहिए। उन्होंने डी-पार्क, शौरी मार्केट, चमेली मार्केट, किला रोड, रेलवे रोड और अन्य भीड़भाड़ वाले बाजारों में बिजली व्यवस्था, ओवरलोडिंग, फायर सेफ्टी उपकरणों, आपातकालीन निकास मार्गों, अतिक्रमण की गहन जांच की मांग की। **-डॉ. अशोक कुमार**, भाजपा के जिला प्रभारी

## शराब छुड़ाने के नाम पर 20,000 की ठगी, फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने शराब छुड़ाने के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठने वाले कथित फर्जी डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अमित नरवाल पुत्र जगदीश निवासी गांव कथूरा, जिला सोनीपत, हाल गोहाना रोड, रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अटायल निवासी सोनू पुत्र हवा सिंह ने बताया कि अमित नरवाल खुद को डॉक्टर बताकर शराब की लत छुड़ाने का दावा करता था। आरोपी ने इलाज के नाम पर उससे 20 हजार रुपये लिए और आयुर्वेदिक दवाइयां दीं। हालांकि दवा लेने के बाद भी उसकी शराब की लत पर कोई असर नहीं पड़ा। इस संबंध में सोनू ने सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप को शिकायत दी। शिकायत के बाद सिविल सर्जन कार्यालय के फार्मेसी अधिकारी रवींद्र के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी के ठिकाने पर छापा मारा। जांच के दौरान अमित नरवाल के पास चिकित्सा कार्य करने का कोई वैध लाइसेंस, पंजीकरण अथवा मान्यता प्राप्त डॉक्टरी डिग्री नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनएमसी एक्ट की धारा 34 तथा बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सराय अहमद में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, 5 एकड़ में विकसित ढांचा ध्वस्त



रोहतक। अवैध कॉलोनी में चली जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रशासन ने अवैध निर्माणों और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए वीरवार को गांव सराय अहमद में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में व्यापक तोड़-फोड़ अभियान चलाया। इस दौरान लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में बनाए गए इंटरलॉक एवं डब्ल्यूबीएम सड़क नेटवर्क तथा सीवरेज नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन नियमित रूप से अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी अवैध कॉलोनी या निर्माण को विकसित नहीं होने दिया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### अवैध कॉलोनियों में निवेश न करें अपने जीवनभर की जमा पूंजी

लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी भूखंड या कॉलोनी में निवेश करने से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य कर लें। नागरिक सेक्टर-1 स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर पहुंचकर संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी जीवनभर की जमा पूंजी अवैध कॉलोनियों या बिना स्वीकृति के विकसित की जा रही परियोजनाओं में निवेश न करें। प्रशासन समय-समय पर ऐसे अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई करता है। **-अंजू**, जिला नगर योजनाकार कार्यालय की लिंक अधिकारी

## कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर 18,699 रुपये की ठगी

**रोहतक।** आर्य नगर थाना क्षेत्र में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 18,699 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। रामनगर कॉलोनी निवासी धर्मवीर के मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को एसबीआई अधिकारी बताया और क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का दावा किया।

प्रक्रिया पूरी कराने के बहाने उसने ओटीपी ले लिया, जिसके बाद खाते से 18,699 रुपये की शॉपिंग हो गई। आरोपी ने पैसा वापस आने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में संपर्क टूट गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गुणवत्ता से समझौता नहीं, कमी मिली तो ठेकेदार का लाइसेंस होगा रद्द : निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने वीरवार को शहर में चल रहे विकास एवं सौंदर्यकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और ठेकेदारों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार का लाइसेंस तक रद्द किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता के पैसे से होने वाले कार्यों में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी परियोजनाएं तय समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी करनी होंगी। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने जाट भवन से एचएसवीपी कार्यालय तक विकसित की जा रही ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-2 में निर्माणाधीन नमो वन, सेक्टर-2 एवं सेक्टर-3 में बनाई जा रही नई सड़कों, सेक्टर-3 में विकसित की जा रही ग्रीन बेल्ट तथा स्मार्ट मार्केट परियोजना का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली और मौके पर ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। नरेंद्र कुमार ने कहा कि शहर में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना और आधुनिक शहरी ढांचे का विकास नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। नमो वन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधारोपण, सौंदर्यकरण और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा की।



### बारीकी से किया निरीक्षण

सेक्टर-2 व सेक्टर-3 में नवनिर्मित सड़कों तथा स्मार्ट मार्केट परियोजना का निरीक्षण करते हुए निगम आयुक्त ने निर्माण कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि गुणवत्ता मानकों में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सफाई** 'स्वच्छता के चार रंग, हरियाणा के संग' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**अवैध होर्डिंग, फ्लेक्स और पोस्टरों पर सख्ती**

# गंदगी फैलाने पर 8 चालान कर 4 हजार जुर्माना वसूला, कूड़े के निस्तारण की जानकारी भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा ''स्वच्छता के चार रंग, हरियाणा के संग'' अभियान के अंतर्गत शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न व्यस्त बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कैनोपी लगाकर आमजन को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं घर संस्थान के स्तर पर ही कूड़े का अलग-अलग करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा भिन्न-भिन्न स्थानो पर विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे है। इस अभियान के दौरान निगम की टीम ने बस स्टैंड, भिवानी स्टैंड आदि स्थानो पर कैनोपी लगाकर नागरिकों, दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों एवं राहगीरों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान लोगों को गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा, घरेलू खतरनाक कूड़ा एवं सैनिटरी अपशिष्ट को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा बताया गया कि अपने घर संस्थान के स्तर पर कूड़ा का अलग-अलग कर ही स्वच्छ शहर की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है। नगर निगम की टीम ने नागरिकों को रंग-आधारित डस्टबिन प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने से कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण आसान होता है, पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) को बढ़ावा मिलता है तथा लैंडफिल पर पड़ने वाले भार में कमी आती है।



रोहतक। सफाई करते नगर निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### कचरा न फैलाने की अपील

शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घरों, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा, घरेलू खतरनाक कूड़ा एवं सैनिटरी अपशिष्ट को अलग-अलग कर ही निगम की गाड़ी में डाले, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाएं, अवैध होर्डिंगस फ्लैक्स, पोस्टर आदि न लगाए तथा नगर निगम द्वारा संचालित स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### शहर की स्वच्छता बनाए रखें

निगम द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता, सफाई अभियान चलाने के साथ-साथ गंदगी फैलाने वालो के विरुद्ध भी निरंतर कार्यवाही की जा रही है, निगम की टीम द्वारा शहर में निरीक्षण करते हुए 8 चालान 4000 रुपये के गंदगी फैलाने वालो के किए गए। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जाएगी। वहीं एन्फोर्समेंट टीम द्वारा अवैध होर्डिंगस फ्लैक्स, पोस्टर आदि लगाने वालो को चिन्हित कर उन पर हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेन्ट आफ प्रोपर्टी एक्ट 1989, विज्ञापन निति के तहत कार्यवाही करते हुए चालान किए जा रहे है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप, केस दर्ज

**रोहतक।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने सेक्टर-4 स्थित बीपीएल फ्लैट निवासी एक महिला की शिकायत पर गांव खिड़वाली निवासी एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, धमकी और एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह तलाकशुदा है और उसका 13 वर्षीय बेटा है। महिला के अनुसार जनवरी 2020 में उसकी पहचान एक युवक से हुई थी। आरोप है कि युवक ने उससे शादी करने का वादा किया और इसी भरोसे पर उसके साथ प्रेम संबंध बनाए। महिला का कहना है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर समय-समय पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब भी उसने इसका विरोध किया, आरोपी उसके साथ मारपीट करता था। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसका मोबाइल फोन छीनकर उसमें मौजूद महत्वपूर्ण डाटा भी नष्ट कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।